**खबर संक्षेप**



## जलहरी धाम डिहुंटा नाला में किया गया बोरी बंधान

**स्लीमनाबाद।** जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉ तेज सिंह केसवाल के मार्गदर्शन एवं ब्लॉक समन्वयक अरविन्द शाह के नेतृत्व में विकासखंड बहोरीबंद के बहोरीबंद सेक्टर 2 के जलहरी धाम डिहुंटा नाला पर जल संरक्षण के अंतर्गत श्रम दान द्वारा 25 बोरी का बंधान किया गया। यह कार्यक्रम नवांकुर संस्था पथराडी पिपरिया संस्कार युवा समिति बहोरीबंद एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति डिहुँटा के तत्वावधान में आयोजित किया।ब्लॉक समन्वयक अरविन्द शाह ने इस बोरी बंधान कार्य की सहराना करते हुये इसके महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा बोरी बंधान से आसपास के भूजल स्त्रोत में बढ़ोतरी तथा रबी की फसलों में पानी देने के लिए जल की व्यवस्था होगी और जंगल में रहने वाले पशु-पक्षी तथा जानवरों के लिए यह जल संरक्षण वरदान साबित होगा।कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को जल संरक्षण के नारे के माध्यम से जागरूक किया गया।

### बरही थाना क्षेत्र के ग्राम मोहनी की घटना, कुल्हाड़ी से हमला करने वाला फरार

# जमीनी विवाद पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बरही थाना क्षेत्र के ग्राम मोहनी में सालों से चल रहे पारिवारिक जमीनी विवाद ने खूनी रूप ले लिया। एक पक्ष के तीन लोगों ने मिलकर एक भाई को कुल्हाड़ी व लाठी डंडों से हमला कर लहुलुहान कर दिया। घायल का दूसरा भाई बीच बचाव करने पहुंचा तो उस पर हमला किया गया। दांतों से उसका अंगूठा काट दिया। गंभीर रूप से घायल को बरही अस्पताल ले जाया गया लेकिन हालत गंभीर होने के चलते उसे कटनी जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया। बताया जाता है कि हालत गंभीर बनी हुई है। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने हमला करने वाले दो आरोपितों को गिरफ्तार कर दिया है जबकि एक फरार बताया जाता है। पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।





गंभीर रूप से घायल प्रेमलाल के भाई गंगा राम साहू ने बताया कि उनके भाई प्रेमलाल साहू पिता लख्खू साहू 50 अपने गिरे हुए घर में काम करने के लिए शुक्रवार 19 दिसंबर को लकड़ियां निकाल रहे थे इसी बीच उनके बड़े पिताजी की बहुएं निकल आई और अभद्र भाषा का उपयोग करने लगी। तभी आरोपित पक्ष के अन्य लोग भी निकल आए। वाद विवाद बढ़ा तो दयाले साहू पिता खज्जू साहू 50 ने प्रेमलाल साहू पर कुल्हाड़ी जानलेवा हमला कर दनादन कई वार कद दिया। कुल्हाड़ी का वार प्रेमलाल के सिर में लगा जिससे वह लहुलुहान हो गया। प्रेमलाल पर हमला करते देख छोटे भाई दीनदयाल बीच बचाव करने पहुंचा तो आरोपित दयाले के भाई गुलाब दास साहू ने दीनदयाल पर हमला कर दिया तथा दांतों से उसका अंगूठा काट कर लहुलुहान कर दिया। गंगाराम के भी चेहरे पर चोट लगने से वह भी घायल हुआ। गंगाराम ने बताया कि दयाले साहू, गुलाब दास साहू एवं सुनील साहू ने मिलकर मारपीट की। कुल्हाड़ी के वार से गंभीर रूप से घायल प्रेमलाल को उपचार के लिए पहले बरही अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने के चलते कटनी रेफर कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने पूरे मामले को जांच में लिया है।

### विवाद की यह है मुख्य वजह

गंगाराम साहू ने बताया कि दयाले साहू, गुलाब दास साहू एवं सुनील साहू से पारिवारिक मकान एवं जमीन को लेकर सालों से वाद विवाद करते आ रहे हैं। मकान को हथियाने के लिए कई बार प्रयास किया गया। तहसीलदार न्यायालय में दावा प्रतिवाद प्रस्तुत किया गया जहां से फैसला प्रेमलाल साहू के पक्ष में हुआ। गंगाराम का कहना है कि आरोपित पक्ष द्वारा एक, दो नहीं बल्कि तीन बार तहसीलदार न्यायालय में दावा प्रतिवाद लगाया गया लेकिन दस्तावेजों के आधार पर फैसला प्रेमलाल के ही पक्ष में आया। आरोपित पक्ष ने एसडीएम के यहां आवेदन प्रस्तुत किया वहां से भी हताशा मिलने के बाद मारपीट करने पर उतारू हो गए।

### पुलिस कर रही जांच

मोहनी गांव में हुए विवाद की सूचना मिलने पर बरही पुलिस ने मामले को संज्ञान में लिया। थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है जो भी दोषी होगा उसके विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। सूत्रों की माने तो पुलिस ने आरोपित पक्ष के गुलाब दास साहू एवं सुनील साहू को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। जबकि मुख्य आरोपित दयाले साहू अभी फरार बताया जा रहा है।

# ऑटो–लोडर की टक्कर में युवक की मौत, तीन गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बड़वारा थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना हो गई। झरेला मोड़ के पास ऑटो और लोडर वाहन की आमने-सामने भिड़ंत में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, विलायत कला से स्लीमनाबाद की ओर जा रहा ऑटो और सामने से आ रहा लोडर वाहन तेज रफ्तार में थे। मोड़ के पास दोनों चालकों का नियंत्रण बिगड़ गया, जिससे सीधी भिड़ंत हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल बड़वारा पुलिस को सूचना दी।

### जांच के बाद मृत घोषित

सूचना मिलते ही बड़वारा पुलिस मौके पर पहुंची और 108 एम्बुलेंस की मदद से घायलों को बड़वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC) पहुंचाया गया। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद अभिषेक बर्मन, पिता गिरधारी, निवासी मंगल नगर थाना रंगनाथ को मृत घोषित



कर दिया।

### हादसे में घायल 3 अन्य की भी हालत नाजुक

हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए तीन लोगों की पहचान—पप्पू कुशवाहा (35), पिता जवाहर कुशवाहा, निवासी ग्राम भुड़सा, थाना बड़वारा, छोटू कोल, पिता विदेशी कोल निवासी ग्राम भुड़सा, थाना बड़वारा, रजनीश तिवारी, पिता गोविंद प्रसाद, निवासी मंगल नगर थाना रंगनाथ के रूप में हुई है। प्राथमिक उपचार के बाद तीनों की हालत नाजुक देखते हुए उन्हें कटनी जिला अस्पताल रेफर किया गया।

पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दोनों दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस दुर्घटना के कारणों की पड़ताल कर रही है।

*बिना अनुमति के धान निकासी नहीं करने मिलर्स को दी हिदायत*

# बरखेड़ा में दो फर्मों में अवैध रूप से भंडारित 846 क्विंटल धान किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

गोदामों में अवैध रूप से भंडारित धान के भौतिक सत्यापन करने के संबंध में कलेक्टर श्री आशीष तिवारी द्वारा दिये गये निर्देश के पालन में शुक्रवार को जांच दल द्वारा स्लीमनाबाद तहसील के ग्राम बरखेड़ा में दो कृषि फर्मों की जांच कर कुल 846 क्विंटल धान जब्त की गई। साथ ही राइस मिल का भी निरीक्षण किया गया।

संयुक्त जांच दल के निरीक्षण के दौरान जय हनुमान राइस मिल में 608 क्विंटल धान भंडारित पाई गई। इसमें से 570 क्विंटल धान मंडी स्टॉक में दर्ज थी, जिसका मंडी शुल्क चुकाया जा चुका था। मौके पर पाई गई पूरी 608 क्विंटल धान



जब्त कर संचालक संतोष जायसवाल को ही सुपुर्द कर दी गई है। इसी प्रकार प्रियांशु कृषि केंद्र की भी जांच की गई। इस दौरान मौके पर 238 क्विंटल धान पाई गई। यह पूरी धान भी जब्त कर संचालक राकेश जायसवाल को सुपुर्द कर दी गई है।

इसके पूर्व गुरूवार को संयुक्त जांच दल द्वारा कृषि उपज मंडी कटनी स्थित राधा ट्रेडिंग कंपनी की जांच की गई।

जांच के दौरान 260 क्विंटल धान भंडारित पाई गई। फर्म के द्वारा धान की ट्रेडिंग का कार्य किया जाता है। इसके अलावा माधवनगर स्थित नटराज फूड प्रोडक्ट व नटराज फूड प्रोडक्ट यूनिट 2 तथा लमतरा स्थित श्रीनिवासन राईस मिल का निरीक्षण किया गया। तीनों फर्मों में लगभग 21000 क्विंटल धान का भंडारण पाया गया। निरीक्षण में पाया गया कि राईस मिलर्स द्वारा धान क्रय कर इसे चावल में परिवर्तित कर ट्रेडिंग की जाती है। मिलर्स को बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के धान की निकासी नहीं करने की हिदायत दी गई।

जांच दल में जिला आपूर्ति अधिकारी सज्जन सिंह परिहार, सहायक आपूर्ति अधिकारी पियूष शुक्ला, नायब तहसीलदार हर्षवर्धन रामटेके व मंडी सचिव के के नरगावे शामिल रहे।

# ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत, कानों में था हेडफोन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गढ़ौहा के पास रेलवे ट्रैक पर एक 20 वर्षीय युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान अंकित विश्वकर्मा 20 वर्ष निवासी ग्राम गढ़ौहा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार अंकित विश्वकर्मा कटनी में काम करता था और घटना से एक दिन पहले ही अपने गांव लौटा था। बताया जा रहा



है कि वह रात में घर नहीं पहुंचा, जिसके बाद परिजनों ने तलाश शुरू की। सुबह ग्रामीणों ने रेलवे ट्रैक पर उसका शव देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी। खबर मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे, जहां उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि युवक के कानों में हेडफोन लगे हुए थे। आशंका जताई जा रही है कि वह संगीत सुन रहा था या फोन पर बात कर रहा था, जिसके चलते उसे ट्रेन की आवाज सुनाई नहीं दी और वह ट्रेन की चपेट में आ गया। घटना की सूचना मिलते ही बरही थाना पुलिस मौके पर पहुंची। उप निरीक्षक शैलेंद्र सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई की गई है। मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच जारी है। यह घटना एक बार फिर रेलवे ट्रैक के आसपास मोबाइल और हेडफोन के इस्तेमाल से होने वाले खतरों की गंभीर चेतावनी देती है।

# विद्युत विभाग ने मोटर पंप व तार किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

बिजली विभाग के द्वारा चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। रबी सीजन की खेती में अवैध तरीके से विद्युत उपयोग पर भी कार्रवाई की जा रही है। शुक्रवार को स्लीमनाबाद विद्युत वितरण केंद्र की टीम ने विद्युत वितरण केंद्र अंतर्गत आने वाले गाँवों मै जाकर चेकिंग अभियान चलाया!जहां वो किसानों के खेतों मैं पहुँचे!कहीं घरेलू विद्युत पोल से लाइन खींचकर कृषि कार्य करने, बिना परमानेंट कनैक्शन के बिजली उपयोग व बिना टीसी लिए विद्युत उपयोग करने पर लगभग आधा सैकड़ा किसानों पर कार्रवाई की गईं। कार्रवाई के दौरान कनिष्ठ अभियंता सुमित सिन्हा,अनिल



तिवारी,अंजली बर्मन, सतीश साहू, ओमप्रकाश यादव, विनय हल्दकार, राहुल त्रिपाठी, अतुल हल्दकार उपस्थित रहे।

कनिष्ठ अभियंता सुमित सिन्हा ने बताया कि स्लीमनाबाद के जजनगरा,भूला, संसारपुर, धरवारा सहित अन्य गाँवो पहुंचकर विद्युत टीम ने दबिश दी जहाँ खेतों मै पहुंचकर विद्युत विभाग की टीम ने दो दर्जन किसानों के विरुद्ध कार्रवाई प्रस्तावित की गईं विद्युत विभाग की टीम द्वारा मोटर पम्प व तार जब्त की गईं ओर अवैध तरीके से विद्युत चोरी का प्रकरण बनाया गया। इन सभी लोगो के विरूद्ध विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत प्रकरण भी दर्ज किया जाएगा।

### गणतंत्र दिवस पर होगा भारत पर्व का आयोजन

**कटनी।** आगामी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस की संध्या पर कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिले में लोकतंत्र के लोक उत्सव भारत पर्व का जिलास्तरीय आयोजन किया जाएगा। लोक उत्सव भारत पर्व में मप्र के पारम्परिक रूप से लोक रूचि के गायन लोक, भक्ति, सुराज, आज़ादी के तराने, कवि सम्मेलन, वादन और नर्तन (जनजातीय एवं लोक) इत्यादि कार्यक्रम भी किये जा जायेंगे। भारत पर्व के लिए कलाकारों, दल का चयन, समग्र मानदेय का निर्धारण कर जिला मुख्यालयों पर भेजने एवं उनके मानदेय आदि के भुगतान आदि की व्यवस्था स्वराज संस्थान संचालनालय द्वारा की जायेगी।

### 9 लाख 47 हजार रूपए का भुगतान भी हो चुका है

# धान के फर्जी पंजीयन पर 4 के विरूद्ध एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के दौरान रीठी तहसील में धान खरीदी पंजीयन में धोखाधड़ी के मामले में कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर कम्प्यूटर ऑपरेटर सहित 4 व्यक्तियों के विरूद्ध पुलिस थाना कुठला में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी प्रियंका सोनी की शिकायत पर कम्प्यूटर ऑपरेटर प्रीतम सिंह लोधी, संपत अग्रवाल, रंजना अग्रवाल एवं मीराबाई पति विनोद कुमार के विरूद्ध कूटरचना करते हुये धान का फर्जी पंजीयन कराने के मामले में कुठला पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है।

4 नवंबर को हुई जनसुनवाई में धान खरीदी पंजीयन में भारी गड़बड़ी संबंधी शिकायत कलेक्टर आशीष तिवारी को प्राप्त हुई। कलेक्टर के निर्देश पर प्राप्त शिकायत की जांच कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी एवं नायब तहसीलदार बिलहरी के द्वारा संयुक्त रूप से की गई। मामले की जांच में पाया गया कि मीराबाई पत्नी विनोद कुमार के नाम पर पंजीयन क्रमांक 226424000047 दर्ज है जिसका कुल पंजीकृत रकबा 19.37 हेक्टेयर है। पंजीयन में मीराबाई पत्नी विनोद कुमार के अलावा रीठी तहसील के अन्य व्यक्तियों के खसरे पंजीयन में बिना उनकी सहमति से जुड़वाये गयें थे। पंजीयन 226424000047 में जोड़े गये खसरों के भूमि-स्वामियों की जांच एम.पी. भू-अभिलेख के पोर्टल पर की गई। जिसमें पंजीयन में दर्ज कोई भी खसरा आवेदन में उल्लेखित किसान मीराबाई पत्नि विनोद कुमार ग्राम थनौरा के नाम का होना नहीं पाया गया। पंजीयन में दर्ज किसान द्वारा अन्य भूमि-स्वामियों के नाम की भूमि स्वयं के नाम पर पंजीकृत कराई गई, जिसके संबंध में पंजीयनकर्ता कम्प्यूटर ऑपरेटर प्रीतम सिंह लोधी द्वारा किसी भी प्रकार के दस्तावेज व अनुबंध जांच समय उपलब्ध नहीं कराए गए।

पंजीयन 226424000047 का ई-उपार्जन पोर्टल पर खरीफ उपार्जन वर्ष 2024-25 की जानकारी निकालने पर पाया गया कि पूर्व वर्ष में भी मीराबाई पत्नि विनोद कुमार के नाम से पंजीयन होना पाया गया एवं दर्ज बैंक खाता क्रमांक 157001999804 समान है। पिछले साल मीराबाई के पंजीयन क्रमांक 226424000047 में 412 क्विंटल धान का विक्रय किया गया था। जिसके लिये बैंक खाता नंबर 157001999804 में 9 लाख 47 हजार 599 रूपये का भुगतान भी हो चुका है। इस बैंक खाते से सम्पत अग्रवाल की पत्नी रंजना अग्रवाल के बैंक खाता नंबर 157001971301 में 1 लाख 53 हजार रूपये अंतरित किये गये। इसके साथ ही 3, 4 एवं 6 जनवरी 2025 को 3 दिवसों में 2-2 लाख रूपये का नगद आहरण सहकारी केन्द्रीय बैंक रीठी से किया गया।

यह स्पष्ट होने पर कि कृषक मीरा बाई पत्नि विनोद कुमार, रंजना अग्रवाल, सम्पत अग्रवाल निवासी ग्राम तिलगवां तहसील रीठी जिला कटनी एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर प्रीतम सिंह लोधी के द्वारा विगत वर्ष में शासन को आर्थिक क्षति पहुँचाते हुये इस वर्ष भी पुनः उसी कृत्य को दोहराने की मंशा से कूटरचना करते हुये फर्जी पंजीयन कराया गया। संबंधितो के विरूद्ध बीएनएस 2023 की धारा 318(4), 340(1), 340(2), तथा 336(3) के तहत मामला कुठला थाना में प्राथमिकी दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 969. ईशांत मानिकपुरी पिता\पति कीर्तन मानिकपुरी पता- आर.डी.ए. कॉलोनी रायपुरा, 970. लविश राठौर पिता\पति सतेन्द्र राठौर पता- गली न. 2 A अक्षत विहार, 971. वंदना तेकाम पिता\पति प्रदीप कुमार पता- गंगा नगर पंडरी रायपुर, 972. हुमन विश्वकर्मा पिता\पति कृपा राम विश्वकर्मा पता- दोंदेकला रायपुर, 973. जिया श्री साहु पिता\पति तिजेंद्र कुमार साहु पता- अयोध्या नगर न्यू चंगोरा भाटा, 974. उदय वीर सिंह पिता\पति शिव शंकर सिंग पता- वार्ड न.- 43 पुरानी बस्ती रायपुर, 975. नोहर लाल साहू पिता\पति मेघनाथ साहू पता- काशी राम नगर रायपुर, 976. अंश कुमार निषाद पिता\पति दीपक निषाद पता- कुम्हार पारा फाफाडीह, 977. दुलारी तांडी पिता\पति जय लाल ठाकुर पता- B.S.U.P कॉलोनी ब्लाक न.- 24, 978. चित्रेखा पिता\पति जे.आर साहु पता- H-26 पुलिस लाइन रायपुर, 979. प्रशांत यदु पिता\पति घनश्याम यदु पता- नयापारा भैर, 980. डामेश्वर नगारची पिता\पति पुरुषोत्तम नगारची पता- दरबा, 981. शुभम पाण्डेय पिता\पति देवेन्द्र पाण्डेय पता- महिमा सागर वार्ड धमतरी, 982. निर्मला बाफना पिता\पति टीकम चंद बाफना पता-दीनदयाल कॉलोनी कौरीन भाठा राजनादगांव, 983. कीर्तन लाल साहू पिता\पति श्री रमेश कुमार साहू पता- बेलटिकरी राजनादगांव, 984. गजेन्द्र सिंह भारतद्वाज पिता\पति श्री सी. एस. भारतद्वाज पता-विजय वार्ड न. -2 जगदलपुर, 985. भुनेश्वरी मानिकपुरी पिता\पति पूरण दास मानिकपुरी पता-महासमुंद, 986. हर्षिता वर्मा पिता\पति दुर्गेश कुमार वर्मा पता-शिवानन्द कॉलोनी महासमुंद, 987. शौर्य नेताम पिता\पति श्री तोरण राम नेताम पता-प्रोफेसर कॉलोनी कवर्धा, 988. वंदना साहू पिता\पति विष्णु राम साहू पता-भैंसा, 989. हेमंत कुमार वर्मा पिता\पति राजेश कुमार वर्मा पता-आर.के.जी. स्कूल के पास, 990. राजदीप साहु पिता\पति गोपी राम साहु पता-बलोदा बाजार, 991. स्वरा वैष्णव पिता\पति सिद्धार्थ वैष्णव पता-सरगीपाल कोंडागांव, 992. समृद्धि यादव पिता\पति मनीष कुमार यादव पता-डी.एन. के. कोंडागांव, 993. भव्य ठोक पिता\पति संदीप ठोक पता-सेक्ट.-01 भिलाई, 994. गरिमा पटेल पिता\पति श्री देवेन्द्र कुमार पटेल पता-दुर्ग, 995. कौशल राज सोनी पिता\पति हरीश कुमार सोनी पता-दुर्ग, 996. रमनदीप कौर भाटिया पिता\पति करनल सिंग भाटिया पता-संतरा बाड़ी दुर्ग, 997. अश्वनी कुमार पाण्डेय पिता\पति स्व. चंदू लाल पाण्डेय पता-म.न. -255 वार्ड -6 ठेठवार पारा दुर्ग, 998. तुषार वर्मा पिता\पति दिलीप कुमार वर्मा पता-हथखोज भिलाई, 999. श्री पुरुषोत्तम लाल साहू पिता\पति श्री जोखू राम साहू पता-शीतला पारा हथखोज वार्ड न. -2 भील -3 चरोदा, 1000. मुकेश गोयल पिता\पति स्व. श्री मन्ना राम गोयल पता- कापला मार्केट के पास खुर्सीपार, 1001.यशवंत कुमार साहू पिता\पति स्व. श्री मदन लाल साहू पता-हरिनगर कातुल बोर्ड दुर्ग, 1002. रोशन कुमार बघमार पिता\पति मन्नू लाल बघमार पता-ढीमर पारा हनुमान टेम्पल दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण –** 1003. अजय कुमार पासवान पिता/पति - स्व. इंद्रदेव पासवान पता - बनारस रोड गांधी नगर 1004. अर्चना चौबे पिता/पति - सच्चि दानंद पांडे पता- शंकरघाट अम्बिकापुर 1005. अलंकार नायक पिता/पति - श्री ओंकार नाथ नायक पता - विश्रामपुर 1006. श्रीमती पविता यादव पिता/पति - श्री मनबोध राम यादव पता- हरीदेवेंद्र कालोनी बी- 32 अम्बिकापुर 1007. बिन्दु पिता/पति - संबोधीत सरजुन पता- हरीदेवेंद्र कालोनी एन - 20 महादेव पारा अम्बिकापुर 1008. विनीति श्रीवास्तव पिता/पति - विवेक श्रीवास्तव पता- अम्बिकापुर 1009. डॉ . पंकज त्रिपाठी पिता/पति- स्व. आर.के.त्रिपाठी पता - सत्ती पारा अम्बिकापुर 1010. श्री जल यादव पिता/पति - सतीश यादव पता- बड़सार भैयाथान 1011. आसिम अहमद पिता/ पति - जहरुद्दीन आजाद पता - मोमीनपुरा अम्बिकापुर 1012. आमिष यादव पिता/पति- श्री राम गेवरा यादव पता- अम्बिकापुर सरगुजा 1013. कु. सुदीक्षा मिश्रा पिता/पति -प्रवीण कुमार मिश्रा पता - मिशन चौक अम्बिकापुर 1014. गुलशन गोयल पिता/पति- श्री शिव कुमार गोयल पता- मायापुर पीपल मार्ग अबिकापुर 1015. दिनेश कुमार पिता/पति - शिव प्रसाद पता - नमनकला गंगापुर 1016. निग राज प्रसाद लवनेश पिता/पति - श्री राम सुजान पता - गंगापुर खुर्द अबिकापुर 1017. मीता पिता/पति - महावीर राजवाड़े पता- मंहगाई सूरजपुर 1018. रवि भूषण दुबे पिता/पति - अरुण कुमार दुबे पता - होउसिंग बोर्ड कालोनी नमनकला 1019. मकसूद अहमद पिता/पति - मंजूर अहमद पता - बरेजपारा अम्बिकापुर 1020. दोमेनिक टोप्पो पिता/पति - मारकठा टोप्पो पता - बलरामपुर 1021. मानसी सिन्हा पिता/ पति- सचिन्द्र सिन्हा पता- गांधी नगर अम्बिकापुर 1022. सौरभ तिवारी पिता/पति - जितेंद्र तिवारी पता - बलरामपुर 1023. साक्षी केशरी पिता/पति - विजय कुमार गुप्ता पता - बसंत मार्ग इमलीपारा 1024. समृदि त्रिपाठी पिता/पति - आनंद प्रकाश त्रिपाठी पता - ब्रह्म रोड अम्बिकापुर 1025. कल्पनाथ भगत पिता/पति - स्व . रुपचन्द भगत पता- गांधी नगर सोनी मोहला ,**भोपाल संस्करण –** 1026. हर्षित सिंह राजपूत पिता\पति - बादल सिंह राजपूतभोपाल, 1027. रीना राजपूत पिता\पति - रनवीर गौरकरोदभोपाल, 1028. राम सिंह पिता\पति - देवी अफजल खान जिंसी,1029. सुखदेव पाटील पिता\पति- स्व नत्थू पाटीलन्यू बाग मुगलियाभोपाल, 1030. आनंद सिंह चावड़ा पिता\पति - मोहन सिंह भोपाल, 1031. साफिया पिता\पति - मो. शोयेब नियर वॉटर टैंकनवीन रंभा नगरनिशातपुरा, 1032. भारती चौधरी पिता\पति - 53 नई जेल रोडरतन कॉलोनी करोद, 1033. मुश्ताक मो. खान पिता\पति - आफाक मो. खानश्रद्धा कॉलोनीनारियल खेड़ा, **जबलपुर संस्करण –** 1034. दीपक दुबे पिता\पति - श्री राजेंद्र दुबे कटनी, 1035. श्रीमती सरोज गुप्ता पिता\पति - कैलाश चंद गुप्ता जबलपुर, 1036. वैदेही तिवारी पिता\पति - मनीष तिवारी जबलपुर, 1037. पूनम शर्मा पिता\पति - श्री प्रणय कुमार शर्मा चेतना नगर अनूपपुर, 1038. देवांश कोटवानी पिता\पति - श्री अनिल कोटवानी अनूपपुर, 1039. प्रणय कुमार शर्मा पिता\पति - श्री गोविंद प्रसाद शर्मा चेतना नगर अनूपपुर, 1040. विमलेंद्र कुमार शर्मा पिता\पति - स्वः बसंत राम शर्मा वार्ड क्रमांक 14 पुरानी बस्ती अनूपपुर, 1041. जितेंद्र नंदवानी पिता\पति - राजल दास नंदवानी बाबा नारायण शाह वार्ड माधव नगर कटनी।

नियम एवं शर्तें लागू*
शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप



### विद्यार्थियों को किया गया शॉल का वितरण

**विजयराघवगढ़।** संकट मोचन जगन्नाथ धाम स्थित संस्कृत विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों को भागवताचार्य पं संकर्षण रामानुजदास ने संतश्री नारायण स्वामी महाराज के द्वारा शाल का वितरण कराया गया। छात्रों ने स्वस्तिवाचन करते हुए महाराज का स्वागत वंदन मंगलानुशासन किया। समिति के उपाध्यक्ष पं प्रमोद मिश्रा,डॉ अनिल मिश्रा,विमलेन्दु पयासी,पं ब्रह्ममूर्ति तिवारी,अनिल शर्मा,मदनलाल ग्रोवर,मनोज गुप्ता,देवेश मिश्रा, अरुण मिश्रा, वेदाचार्य पं राकेश उरमलिया ,प्राचार्य पं कृष्णदास पांडेय,, रामनारायण गर्ग,ओ पी तिवारी, शिवकुमार पांडेय,माधुरी मिश्रा, लक्ष्मण पांडेय,संदीप मिश्रा,अजीत पांडेय,जमुना गुप्ता,सुरेन्द्र त्रिपाठी, ,सुरेन्द्र मिश्रा,अशोक गुप्ता,संदेश उपाध्याय,राजू गुप्ता,तारा सिंह चौहान,संतोष मिश्रा सहित अन्य सदस्यों ने आभार व्यक्त किया है।

### शराब की अवैध बिक्री करने वाली महिला को भेजा जेल

**कटनी।** पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देश पर जिले में अवैध गतिविधियों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया एवं अनुविभागीय पुलिस अधीक्षक आकांक्षा चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में थाना बाकल पुलिस ने ग्राम सिहुड़ी में अवैध शराब बेचने वाली महिला के विरुद्ध कार्रवाई की है। थाना प्रभारी (प्रशिक्षु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक) शिवा पाठक के नेतृत्व में 17 दिसंबर को प्राप्त एक वीडियो के आधार पर पुलिस टीम ने छापामार कार्रवाई की। मौके पर महिला को अवैध रूप से शराब बेचते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया। पूछताछ में उसकी पहचान गीता बाई चौधरी, पत्नी स्व. पंचम चौधरी, निवासी ग्राम सिहुड़ी थाना बाकल के रूप में हुई। आरोपी महिला के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई, जिसके बाद उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। कार्रवाई में प्रधान आरक्षक जोगेंद्र तिवारी, के.के. शुक्ला तथा आरक्षक कमलकांत, शिवसिंह, राजभान, रोहित की भूमिका रही।

### दो दिनी राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक



**कटनी।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर के शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय एथलेटिक्स (महिला/पुरुष) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें शासकीय तिलक महाविद्यालय कटनी के छात्र ने बाधा दौड़ प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। प्रतियोगिता में शासकीय तिलक महाविद्यालय बीए प्रथम वर्ष के छात्र अमन पटेल और करन सिंह यादव ने सहभागिता की। छात्र अमन पटेल ने 110 मीटर बाधा दौड़ में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। अमन पटेल की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों के बीच हर्ष का माहौल है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार बाजपेई सहित महाविद्यालय के सभी शिक्षकों ने छात्र अमन पटेल को जीत की बधाई प्रेषित की और इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दी। छात्र अमन पटेल और करन सिंह यादव राजीव गांधी हेल्थ यूनिवर्सिटी बेंगलुरु में 12 से 16 जनवरी 2026 तक आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय की टीम की ओर से सहभागिता करेंगे।

## एआरटीओ द्वारा विभिन्न मार्गों पर चलाया गया सघन जांच अभियान

# 23 वाहनों पर कार्रवाई, 2 लाख रूपए जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

परिवहन नियमों का पालन नहीं करने एवं बिना दस्तावेजों के वाहन संचालन करने वाले चालकों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए करीब दो लाख रूपए का समन शुल्क वसूल किया गया। परिवहन आयुक्त के निर्देश पर एवं कलेक्टर के मार्गदर्शन में अतिरिक्त जिला परिवहन अधिकारी संतोष पॉल द्वारा 13 दिसंबर से 18 दिसंबर 2025 तक कटनी जिले के विभिन्न मार्गों पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया।

इस अभियान का उद्देश्य बिना वैध दस्तावेज, परमिट, फिटनेस, टैक्स एवं अन्य परिवहन नियमों का उल्लंघन कर संचालित हो रहे वाहनों पर प्रभावी कार्रवाई करना था, ताकि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और आम नागरिकों की जान-माल की सुरक्षा बनी रहे।

अभियान के दौरान कटनी जिले के प्रमुख मार्गों पर कुल 138 वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 23 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए 1,97,820 रुपये का शमन शुल्क वसूल किया गया। यह अभियान विशेष रूप से कटनी–मैहर मार्ग एवं कटनी–जबलपुर मार्ग पर केंद्रित रहा, जहां यात्री एवं मालवाहक वाहनों की आवाजाही अधिक रहती है।






### कमियों पर वसूला जुर्माना

कटनी–मैहर मार्ग पर थाना कुठला अंतर्गत की गई जांच में कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। इस मार्ग पर वाहन क्रमांक MP21G0957 से 34,160 रुपये, DL1LR9214 से 39,160 रुपये, MP20ZE5917 से 18,000 रुपये, MP21L1012 से 5,000 रुपये, MP20GA9585 से 5,000 रुपये तथा MH40DL2902 से 10,000 रुपये का जुर्माना वसूला गया। इन वाहनों में परमिट, टैक्स अथवा अन्य वैधानिक दस्तावेजों में कमी पाई गई थी।

इसी प्रकार कटनी–जबलपुर मार्ग पर थाना यातायात अंतर्गत सघन जांच की गई। इस मार्ग पर MP21R5003 से 15,000 रुपये, MP21R2237 से 5,000 रुपये, MP20GA5841 से 10,000 रुपये, MP21R3011 से 10,000 रुपये, MP20GA6032 से 5,000 रुपये, MP21R4069 से 5,000 रुपये, MP21R3575 से 5,000 रुपये, MP07ZY1323 से 3,000 रुपये, MP16GA1183 से 5,000 रुपये, MP21L0991 से 1,000 रुपये, MP04YK7817 से 1,000 रुपये, MP18DA0146 से 2,000 रुपये, MP20LB4076 से 1,000 रुपये, MP20GA7372 से 500 रुपये, MP21G0784 से 1,000 रुपये, MP21G6084 से 1,000 रुपये तथा UP14DT7333 से 15,000 रुपये का जुर्माना वसूला गया।

### बस व आटो रिक्शा को किया जब्त

जांच के दौरान गंभीर उल्लंघन पाए जाने पर थाना यातायात में कुल चार वाहनों को जप्त कर सुरक्षार्थ रखा गया। इसके अतिरिक्त एक बस वाहन क्रमांक RJ27PB2806 को कटनी–जबलपुर मार्ग पर बिना परमिट संचालित पाए जाने पर जप्त कर परिवहन कार्यालय कटनी में सुरक्षित रखा गया। वहीं, एक ऑटो रिक्शा को भी नियमों के उल्लंघन के चलते जप्त कर आरटीओ कार्यालय कटनी में सुरक्षार्थ रखा गया।

अतिरिक्त जिला परिवहन अधिकारी संतोष पॉल ने बताया कि यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। उन्होंने वाहन चालकों एवं वाहन स्वामियों से अपील की कि वे अपने वाहनों के सभी वैध दस्तावेज जैसे परमिट, फिटनेस, बीमा, टैक्स एवं ड्राइविंग लाइसेंस अद्यतन रखें और परिवहन नियमों का पालन करें। नियमों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।इस सघन जांच अभियान से जिले में परिवहन नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ी है और अवैध रूप से संचालित वाहनों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित हुआ है। परिवहन विभाग का यह कदम सड़क सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।



## बदहाल सड़क को लेकर युवा कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मुड़वारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कन्हवारा की जर्जर सड़क को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। वार्ड क्रमांक 13–14 के करूहा मार्ग की बदहाल स्थिति के विरोध में क्षेत्रीय ग्रामीणों के साथ युवा कांग्रेस ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र सड़क निर्माण की मांग की है।इस अवसर पर युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव दिव्यांशु मिश्रा अंशु के नेतृत्व में क्षेत्र की महिलाएं, बुजुर्ग, युवा और बच्चे वरिष्ठ कांग्रेसजनों एवं युवा साथियों के साथ जिला पंचायत सीईओ कार्यालय पहुंचे और ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में मांग की गई कि एक माह के भीतर ठोस कार्यवाही कर सड़क निर्माण कराया जाए।ग्रामीणों ने बताया कि सड़क पर जगह-जगह कीचड़ और बड़े-बड़े गड्ढे बने हुए हैं, जिससे पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। बारिश के दिनों में हालात और भी बदतर हो जाते हैं, जिससे स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### आंदोलन की चेतावनी

युवा कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र सड़क निर्माण शुरू नहीं किया गया, तो जनहित में चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा।साथ ही इस गंभीर समस्या को लेकर पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री शप्रहलाद पटेल एवं क्षेत्रीय विधायक संदीप जायसवाल को भी पत्र प्रेषित कर मामले में संज्ञान लेते हुए त्वरित कार्यवाही की मांग की गई है।ग्रामीणों को उम्मीद है कि प्रशासन और जनप्रतिनिधि जल्द ही इस समस्या का समाधान करेंगे और उन्हें बदहाल सड़क से राहत मिलेगी।

## महिलाओं को दिया गया कृषि उद्यमी का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



मप्र ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में विकासखंड बड़वारा, रीठी, कटनी, विजयराघवगढ़, बहोरीबंद एवं ढीमरखेड़ा की स्व-सहायता समूह की 35 महिलाओं को आत्मनिर्भर, स्वावलंबी एवं स्वरोजगार स्थापित करने हेतु कृषि उद्यमी का 13 दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण प्रबंधक पवन कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक सुनील रजक तथा अनुपम पांडे के सहयोग से प्रशिक्षक रामसुख दुबे द्वारा दिया गया।

प्रशिक्षण के दौरान कृषि के अंतर्गत फसल उत्पादन, अनाज, दलहन, तिलहन के अतिरिक्त पशुपालन, मछलीपालन, मुर्गीपालन, मधुमक्खी पालन, रेशमकीट पालन, सब्जी उत्पादन, फल एवं फूल, औषधीय पौधों की खेती तथा वानिकी से आय बढ़ाने की जानकारी दी गई। साथ ही कम लागत तकनीकी जीरो बजट फार्मिंग के अंतर्गत विभिन्न जैविक कीटनाशक के अंतर्गत गोमूत्र, नीम की पत्ती, पांच पत्ती काढ़ा, नीमास्त्र, ब्रह्मास्त्र तथा आग्नेयास्त्र आदि कीटनाशकों को बनाने तथा फसलों में उपयोग करने का तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षक श्री दुबे ने मिट्टी परीक्षण, मिट्टी नमूना लेने की विधि तथा परिणाम पत्र के आधार पर की गई सिफारिश के अनुसार खाद देने की जानकारी दी। साथ ही मिट्टी परीक्षण के लिए मिट्टी का नमूना लेने एवं जैविक कीटनाशक, पांच पत्ती काढ़ा को बनाने का प्रयोग प्रदर्शन भी किया।

### गंदगी फैलाने पर 1200 रुपये का वसूला जुर्माना

**कटनी।** नगर की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के मद्देनजर गुरुवार देर शाम निगम की स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा बस स्टैंड में अभियान चलाकर सार्वजनिक स्थलों में गंदगी फैलाने वाले कबाड़ व्यवसाईयों एवं चाय पान ठेला संचालकों पर 1200 रूपये की चालानी कार्यवाही की गई। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि स्वच्छता नियमों के उल्लंघन को लेकर की गई कार्रवाई के दौरान निगम की टीम ने डस्टबिन न रखने और सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने वालों पर कुल 6 प्रतिष्ठानों के चालान काटे और मौके पर ही एक हजार 200 रुपये का जुर्माना वसूला गया।

## महाविद्यालय में सामूहिक वंदे मातरम गीत का गायन



वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय बहोरीबंद में उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150 वीं वर्षगांठ पर राष्ट्रीय सेवा योजना एवं भारतीय ज्ञान परम्परा के संयोजन सेसामूहिक वंदे मातरम् कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वंदे मातरम गीत का अर्थ में माँ को नमन करता हूँ यह भारत की मातृभूमि के प्रति सम्मान और श्रद्धा को व्यक्त करने वाला गीत बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय जी द्वारा लिखित भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान प्रेरणा का एक शक्तिशाली स्रोत था। सभी उपस्थित जनो एवं छात्रो द्वारा सामूहिक रूप से राष्ट्रीय गीत का गायन किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य इंद्र कुमार द्वारा के द्वारा राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान का महत्व बताते हुए दोनों में अंतर बताया। साथ ही भाषण व निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गईं !जिसमें छात्र–छात्राओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी डॉ प्रवीण गर्ग, भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ ममिता पटले, राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ महिमा तिवारी, डॉ गरिमा श्रीवास्तव,डॉ खुशबू श्रीवास्तव, डॉ रश्मि पांडे,डॉ नीतू सोनी,डॉ आशीष सोनी, डॉ प्रवीण तिवारी, मंजू द्विवेदी डॉ ज्योति ताम्रकार,नवीन गौतम, क्रीड़ा अधिकारी पूजा साहू सहित छात्र –छात्राओं की उपस्थिति रही।

## विद्यार्थी परिषद ने महाविद्यालय में मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) महाकौशल प्रांत, जिला कटनी इकाई ने शासकीय महाविद्यालय उमरियापान में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर प्राचार्य के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में महाविद्यालय परिसर में छात्रों को हो रही असुविधाओं का उल्लेख करते हुए आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने की मांग की। एबीवीपी ने ज्ञापन में कहा कि संगठन शिक्षा व्यवस्था को सशक्त एवं अनुशासित बनाने के लिए सदैव प्रयासरत है। ज्ञापन में महाविद्यालय परिसर की नियमित साफ-सफाई एवं स्वच्छता व्यवस्था, प्रवेश द्वार पर गार्ड की नियुक्ति, महाविद्यालय खुलने से बंद होने तक सभी सीसीटीवी कैमरों को चालू रखने, परिसर में फर्स्ट एड किट एवं सभी छात्रों को आईडी कार्ड उपलब्ध कराने की मांग की गई है।इसके साथ आपातकालीन चिकित्सा सुविधा, कार्यक्रमों के आयोजन हेतु ऑडिटोरियम हॉल की व्यवस्था तथा जनभागीदारी समिति में एक विद्यार्थी के शामिल करने की मांग की है। एबीवीपी ने प्रशासन से 15 दिनों के भीतर उचित कार्यवाही कर आवश्यक सुधार करने की मांग की है। इस मौके पर प्रांत कार्यकारिणी सदस्य अतुल गर्ग, विभाग संयोजक सुशील झारिया, नगर मंत्री मृदुल चौबे, महाविद्यालय मंत्री वीरेन्द्र चौधरी, सत्यम विश्वकर्मा, प्रणय अरोरा, आयुष त्रिपाठी, छात्रा प्रमुख अंशिका लखेरा सहित विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

*बहोरीबंद विकासखंड में जंगली सुअरों ने मचा रखा है आतंक*

## जंगली जानवर फसलों को कर रहे बर्बाद किसान को हो रहा नुकसान, सुरक्षा रामभरोसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



रबी सीजन कृषि कार्य जारी है।रबी सीजन के तहत चना,मसूर व मटर की फसल की बोवनी हो गई है। वर्तमान मे गेंहू की बोवनी का दौर जारी है। इस बीच बहोरीबंद विकासखण्ड में इन दिनों जंगली सूकरों का आतंक फैला हुआ जिससे अन्नदाताओं के मेहनत पर पानी फिर रहा है। उपतहसील बाकल के आस-पास के इलाके में पिछले दो साल से जंगली सूकर का आतंक है। खरीफ और रबी दोनों ही सीजन की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे है। किसान चाहकर भी कुछ नहीं कर पा रहा। केवल बर्बाद हुई फसलों को देखकर आंसू बहा रहा है। किसी तरह का कोई मुआवजा भी उन्हें नहीं मिला रहा। महंगी बिजली, खाद और बीज का इस्तेमाल कर फसलें पालने के बाद उन्हें जंगली सूकर बर्बाद कर रहे। रात दिन गर्मी, ठंड और बरसात के दिनों खेतो मैं मेहनत करने वाले किसानों की मेहनत पर पानी फिर रहा है।किसानों ने बताया कि समय रहते पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए तो क्षेत्र के कई किसानों को बड़ा नुकसान झेलना पड़ेगा।

बहोरीबंद तहसील क्षेत्र के ग्राम बघराज, कूड़ा, मसंधा, गौरहा, नयागांव, हाथीभार, ग्राम सहित अन्य क्षेत्रों में जंगली सूकर बड़ी संख्या में पहुंच रहे है। वर्तमान में गेहूं, चना, मटर सहित अन्य फसलों को बड़ा नुकसान पहुंचा रहे। इसके पहले बारिश में मक्का, सोयाबीन सहित अन्य फसलों को जंगली सूकर ने बबार्द किया है। कई किसानों को अब तक लाखों रुपए का नुकसान हो चुका है। बावजूद इसके सूकर को क्षेत्र से बाहर नहीं निकाला गया है जिससे किसान परेशान है। जब कृषक सुबह अपने खेत पहुँचते है तो खेत की दुर्दशा देख अन्नदाता के आंसू बहने लगते है।किसानों को भी कर लहुलुहान- जंगली जानवर फसलों को तों नुकसान पहुँचाते ही है साथ ही किसानों को लहुलुहान कर रहे है। शुक्रवार की रात बदराज कला मे किसान रमेश बर्मन जो कि रात के समय सिंचाई करने खेत गया था जहाँ भालू ने किसान पर अचानक हमला कर दिया जिससे किसान रमेश बर्मन घायल हो गया। घटना के बाद क्षेत्र मे दहशत का माहौल है।

जंगली सूकर खेतों तक पहुँचकर फसलों को नष्ट कर रहे है।इसके पीछे किसानों की भी लाफ़रवाही सामने आ रही है।किसान अपने खेतों को यदि चारो तरफ से घेराबंदी कर देते तो जंगली सूकर नष्ट नही कर सकते ।लेकिन किसान स्वयं फसल को बचाने अपनी जवाबदेही का निर्वहन नही कर रहा।

## स्वच्छता साथियों को दिया गया प्रशिक्षण, उपकरण किये वितरित

# ग्रामीण क्षेत्रों की निखरेगी तस्वीर, वॉश ऑन व्हील सेवा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



राज्य स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में घरेलू/ संस्थागत/ सामुदायिक शौचालय की ऑन साइट साफ सफाई के लिए वॉश ऑन व्हील सेवा प्रारंभ की जा रही है। जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर के निर्देश पर जिला पंचायत के सभा कक्ष में वॉश ऑन व्हील सेवा प्रारंभ करने समस्त जनपद पंचायतों से आए हुए स्वच्छता साथियों को विस्तार से साफ-सफाई करने आवश्यक जानकारी दी जाकर प्रशिक्षित किया गया। जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अनुराग मोदी ने स्वच्छता साथियों को पुष्पमाला से सम्मानित किया एवं किट,पोशाक और सहयोगी उपकरण उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों की मौजूदगी में वितरित किए। श्री मोदी ने कहा कि वॉश ऑन व्हील के अंतर्गत की जाने वाली साफ-सफाई की गतिविधियों से ग्रामीण क्षेत्रों में एक अच्छा बदलाव आएगा और गांव-गांव तस्वीर निखरेगी। इसके पूर्व मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। स्वच्छ भारत अभियान के जिला समन्वयक कमलेश सैनी ने स्वच्छता साथियों को वॉश ऑन व्हील अभियान के संबंध में विस्तृत रूप से अवगत कराया। इस दौरान मीडिया प्रभारी योगेंद्र कुमार असाटी सहित सभी जनपद पंचायतों के समस्त बीसी सहित आहूत ग्राम पंचायतों के सचिव उपस्थित रहे।

आपको बता दें कि इस सेवा के उपयोग हेतु एक मोबाइल एप स्वच्छता साथी वाश ऑन व्हील तैयार किया गया है जिसको मध्यप्रदेश के 70वें स्थापना दिवस पर माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा लोकार्पित कर पूरे प्रदेश में लागू किया गया है।

स्वच्छ भारत अभियान के जिला समन्वयक श्री सैनी ने बताया कि स्वच्छता साथी की सलंग्नता, स्वच्छ एमपी पोर्टल पर पंजीयन, ग्राम क्लस्टर का निर्माण,स्वच्छता साथी और शौचालय का प्रशिक्षण,पीपी किट की उपलब्धता, साफ सफाई हेतु निर्धारित दर,प्रचार प्रसार की गतिविधियां, सुरक्षा, सम्मान एवं पुरस्कार वितरण हेतु आवश्यक कार्रवाई अनवरत रूप से की जा रही है। उल्लेखनीय है कि स्वच्छता साथी द्वारा शौचायलयों की साफ सफाई आधुनिक उपकरणों एवं मशीनों के माध्यम से की जाएगी। वाश ऑन व्हील शौचालय की सफाई हेतु मांगकर्ता द्वारा स्वच्छता साथी को एक निश्चित राशि का भुगतान करना आवश्यक होगा। श्री सैनी ने बताया कि वॉश ऑन व्हील के सफल एवं सुचारु संचालन हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता की गतिविधियों का अनुश्रवण एवं मूल्यांकन सतत रूप से किया जाएगा। श्री सैनी बताते हैं कि अपर मुख्य सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा शिक्षा ,स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास एवं अन्य विभागों को पत्र के माध्यम से निर्देशित किया है कि संबंधित विभाग भी वॉश ऑन व्हील सेवा के माध्यम से संस्थागत शौचालय की नियमित साफ सफाई स्वच्छता सार्थियों से अनिवार्य रूप से करवाएंगे।



## अपराध समीक्षा बैठक में एसपी ने दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

एसपी अभिनय विश्वकर्मा ने कंट्रोल रूम में अपराध समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया जिसमें लंबित अपराधों की समीक्षा की गई और अपराधों के निराकरण के निर्देश दिए गए। एसपी विश्वकर्मा द्वारा जिले में पंजीबद्ध चिन्हित और सनसनीखेज़ प्रकरणों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक के दौरान एसपी द्वारा प्रत्येक प्रकरण की वर्तमान स्थिति की जानकारी लेकर उसकी समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

पुलिस कप्तान ने सभी लिंक अधिकारियों को निर्देशित किया कि पीड़ित पक्ष से लगातार संपर्क बनाए रखा जाए, गवाहों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए और प्रकरण में तकनीकी, विधिक पहलुओं का पूर्ण रूप से पालन किया जाए। सभी चिन्हित और सनसनीखेज़ प्रकरणों में तत्काल निष्पक्ष, प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि पीड़ितों को न्याय मिल सके और अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई हो।बैठक में लंबित अपराधों के निराकरण के निर्देश दिए गए है। बैठक में लिंक अधिकारी, थाना, चौकी प्रभारी, रीडर निरीक्षक अरविंद चौबे की उपस्थिति रही।

खुले आसमान के नीचे अंतिम संस्कार करने ग्रामीण मजबूर,पंचायत कर्मी व जनपद के अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

# पांजी में दो साल पहले हवा में उड़ा श्मशान घाट का टीन शेड, अभी तक नहीं हुआ सुधार कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा



सरकार ग्राम पंचायतों के विकास के लिए कई तरह की योजनाएं चला रही है एवं उन योजनाओं के माध्यम से लाखों रुपए स्वीकृत कर रही है। जिससे ग्राम पंचायतों का विकास हो सके लेकिन उन्हीं पंचायतों के कर्ता धर्ताओं द्वारा शासकीय राशि में गफलत करने की मंशा से विकास के नाम पर घटिया निर्माण करा दिया जाता हैं। जिसका खामियाजा ग्राम पंचायत के लोगों को भुगतना पड़ रहा है। तेंदूखेड़ा जनपद पंचायत की कई पंचायते ऐसी है, जिनके अंतर्गत आने वाले गांवों में आज तक श्मशानघाट न होने के कारण बारिश में और गर्मियों में अंतिम संस्कार करने में लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके बाद भी जनप्रतिनिधि और मुख्यालय में बैठे अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं तेंदूखेड़ा ब्लॉक की ग्राम पंचायत पांजी में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिला है। यहां पर लगभग 7 वर्ष पहले लाखों रुपए खर्च करके शांतिधाम बनाया गया था लेकिन घटिया निर्माण होने के चलते उसमें लगा टीनशेड और गार्डर खंबे हवा में टूटकर जमीदोंज हो गए और क्षतिग्रस्त हालत में आज भी पड़े हुए हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि ग्राम पंचायत पांजी में लाखों रुपए खर्च कर वर्ष 2017-18 में शांति धाम में टीन शेड का निर्माण कार्य कराया था लेकिन कुछ महीने में ही टीनशेड हवा में उड़ गया था और दो वर्ष टीनशेड का कोई अता-पता नहीं था। मामला उझला तो टीन शेड को पुनः लगवाया गया था, लेकिन दो साल पहले फिर से घटिया निर्माण के चलते टीन शेड टूटकर बिखर गया है और आज भी चबूतरे पर क्षतिग्रस्त हालत में पड़ा हुआ है। जिसका ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव द्वारा कोई सुधार कार्य नहीं कराया जा रहा है जहां लोगों को अंतिम संस्कार में परेशान होना पड़ा रहा है।

**श्मशानघाट परिसर में फैली है गंदगी**

वही ग्राम पंचायत पांजी में एक ही स्थान पर तीन जगहों पर श्मशानघाट परिसर में चबूतरे बने हुए हैं, जो क्षतिग्रस्त हालत में हैं और उनके उपर आज तक टीन शेड का निर्माण कार्य नहीं कराया जा रहा है। वहीं परिसर के चारों ओर गंदगी फैली हुई है। जहां लोग मृत मवेशियों को फेंकते रहते हैं, जिससे दुर्गंध आने के कारण अंतिम संस्कार करने में लोगों को दिक्कत होती है साथ ही गांव के लोग श्मशान भूमि पर शौच करने भी जाते हैं।

**अधिकारी नहीं करते निरीक्षण**

गांव के लोगों ने बताया कि जनपद के द्वारा अधिकारियों द्वारा कभी ग्राम पांजी के विकास कार्यों का निरीक्षण नहीं किया जाता है जिसके कारण ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव सहायक सचिव द्वारा मनमानी करते हुए घटिया निर्माण कार्य कराए जाते हैं जो चंद महीनों व सालभर में अपनी हकीकत बयां करते हैं कि किस तरह यहां पर विकास के नाम पर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। साथ ही फर्जी बिलों पर शासन की राशि आहरण की जा रही है।

पंचायत के सरपंच, सचिव एवं जनपद सीईओ से बात करना चाही तो उनके कॉल रिसीव नहीं हुए। लोगों का कहना है कि वो कॉल नहीं उठाते।

## ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों की सेक्टर स्तरीय बैठक आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड हटा के मडियादो सेक्टर अंतर्गत संचालित ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों की सेक्टर स्तरीय बैठक का आयोजन गौ मुख धाम,मडियादो में किया गया। बैठक में नवांकुर संस्था श्री लखनलाल सेवा संस्थान, हटा के अंतर्गत ग्राम चकरदा, डौली, काईखेड़ा, नारायणपुरा, रजपुरा की सक्रिय समितियों ने सहभागिता की। बैठक को संबोधित करते हुए जिला समन्वयक सुशील कुमार नामदेव ने ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के पदाधिकारियों से जल संचय अभियान को गति देने, संस्कार केंद्रों के संचालन, स्वच्छता एवं साफ-सफाई तथा शासकीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाली समितियों की सराहना करते हुए नवाचार अपनाने पर विशेष जोर दिया साथ ही सदस्यों से सुझाव भी प्राप्त किए।

बैठक में ब्लॉक समन्वयक पुष्पा सिंह,नवांकुर संस्था अध्यक्ष जितेन्द्र राय बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू की छात्रा आरती अहिरवार, परामर्शदाता प्रिंस दीप खटीक, रतिराम पटेल, डौली सचिव विजय पटेल, जितेन्द्र विश्वकर्मा, अभय जैन, भगवान दास सहित शुभम राजपूत, चंद्रकांत परोहा, लक्ष्मण कुशवाहा, देवेंद्र रैकवार, श्रीकांत रैकवार, हाकम यादव, गोविंद अहिरवार, बसंत अहिरवार, धर्मेंद्र अहिरवार की उपस्थिति रही।

**खबर संक्षेप**

### इ्यूटी से पृथक किये जाने हेतु नोडल अधिकारी पदाविहित

**दमोह।** पंचायत उप निर्वाचन 2025 (उत्तरार्द्ध) हेतु जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 10 कुम्हारी के जिला पंचायत सदस्य का निर्वाचन (पेपर लेस) प्रक्रिया से सम्पन्न होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने बताया विकासखण्ड पथरिया की ग्राम पंचायत देवरान के सरपंच पद एवं विकासखण्ड बटियागढ़ की ग्राम पंचायत निबोराकला के सरपंच पद का निर्वाचन ईव्हीएम से संपन्न होगा। निर्वाचन में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के अवकाश आवेदन स्वीकृत करने एवं अधिकारी /कर्मचारियों को ड्यूटी से पृथक किये जाने हेतु उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर मीना मसराम को नोडल अधिकारी पदाविहित किया है।

### राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस का आयोजन 24 दिसम्बर को

**दमोह।** राज्य शासन के निर्देशों के तहत गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी 24 दिसम्बर को दोपहर 01 बजे से राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के रूप में मनाया जाना है। जिससे संबंधित कार्यक्रम का आयोजन उपभोक्ता फोरम के सामने पुरानी कलेक्ट्रेड दमोह प्रांगण में किया जाना है। कार्यक्रम में संबंधित विभाग द्वारा संचालित कल्याणकारी कार्यों की जानकारी उपभोक्ताओं को दी जावेगी। जिला आपूर्ति अधिकारी ने उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि 24 दिसम्बर को दोपहर 01 बजे से पुरानी कलेक्ट्रेड में उपस्थित होकर उपभोक्ता संरक्षण से संबंधित विषयों पर जानकारी प्राप्त करें।

### राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धिर, वर्तिका ने 126वीं रैंक हासिल कर बढ़ाया परिवार और समाज का मान

**पन्ना।** आराध्य ब्रह्मलीन परम पूज्य गुरुदेव पंडित देव प्रभाकर शास्त्री "दद्दा जी" की असीम कृपा एवं आशीर्वाद से एक अत्यंत हर्ष एवं गौरव का क्षण प्राप्त हुआ है। उनकी कृपा-प्रसाद से मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ जिला अध्यक्ष श्री धनंजय श्रीवास्तव जी की बिटिया वर्तिका ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित प्रवेश परीक्षा कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट में 126वीं ऑल इंडिया रैंक प्राप्त कर परीक्षा को सफलतापूर्वक उत्तीर्ण किया है।

## 300 खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम



**दमोह।** सांसद राहुल सिंह लोधी के नेतृत्व में आयोजित लोकसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत लोकसभा स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में लगभग 300 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा, अनुशासन और कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एवं रैंक प्राप्त प्रतिभागियों को शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे एवं साहित्यकार नरेंद्र दुबे की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन युवाओं को खेलों से जोड़ने के साथ-साथ उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

## आप चला रही मध्य प्रदेश जोड़ो अभियान



**जबेरा।** जबेरा आम आदमी पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं मजदूर संघ के पूर्व अध्यक्ष बसंत राय इस समय जबेरा विधानसभा में काफी सक्रिय दिखाई दे रहे हैं। जबकि वर्तमान में प्रदेश में कोई चुनाव नहीं होना है इसके बाद भी वसंत राय आम आदमी पार्टी के बैनर तले ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों में सभा आयोजित करके मजदूर दलित आदिवासियों को एकत्रित करके उन्हें होने वाली परेशानियों के बारे में जानकारी एकत्रित करते हैं। उसी क्रम में आज बसंत राय के नेतृत्व में जबेरा के नजदीकी ग्राम करनपुरा में मध्य प्रदेश जोड़ो अभियान का आयोजन किया गया। इस आयोजन में ग्राम वासियोंने उन्हें खाद के लिए होने वाली परेशानी एवं मनमाने तरीके से बिजली बिल दिये जाने की समस्याओं से अवगत कराया। ग्राम वासियों की समस्याओं को सुनकर के आम आदमी पार्टी के वक्ताओं ने वर्तमान प्रदेश सरकार को कोसते हुए आगामी विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी की प्रदेश में सरकार बनाने के लिए आम आदमी पार्टी के पक्ष में मतदान करने के लिए आवाहन किया। उक्त अवसर पर ग्राम पंचायत करनपुराके पूर्व सरपंच सोने सिंह आदिवासी ने अपने एक दर्जन समर्थकों के साथ आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

## शहर गश्त को निकली संदली चादर



**हटा।** सूफी संत ख्वाजा मुईनुद्दीन हसन चिश्ती ख्वाजा गरीब नवाज अजमेर के सालाना उर्स मुबारक मौके पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी ख्वाजा बाबा के चाहने वालों ने बड़े ही शानो शौकत के साथ नगर के मुख्य मार्गों से चादर निकाली। कमेटी के तत्वाधान में संदली चादर शुक्रवार की दोपहर मदार चिल्ला मैदान से चादर का आगाज हुआ जो मंदिर मस्जिद चौराहा से बड़ा बाजार बजरिया चंडी जी होते हुए संदली चादर लेकर जुलूस शुरुआती स्थल पहुंचा जहां कार्यक्रम का समापन हुआ और देश के हक में अमन चैन की दुआ की गई। इस मौके पर बड़ी संख्या में मुस्लिम बंधुओ की मौजूदगी रही।

## बीजाडोंगरी में सैकड़ों साल पुरानी चंडी भरने की परंपरा आज भी जीवंत



**बनवार।** जनपद जबेरा के ग्राम बीजाडोंगरी में सैकड़ों वर्ष पुरानी चंडी लगने की परंपरा आज भी अपनी जीवंतता बनाए हुए है। वर्ष में एक बार आयोजित होने वाला यह चंडी मेला स्थानीय लोगों के लिए श्रद्धा, उत्साह और सांस्कृतिक विरासत का अद्भुत मेल है। चंडी मेला सिर्फ धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि ग्रामीण जीवन की सांस्कृतिक पहचान भी है। मेला में बरेदी नृत्य, स्थानीय गीत-संगीत और चंडी मैया के दर्शन इस आयोजन का मुख्य आकर्षण हैं। विशेष रूप से, चंडी मेला प्रारंभ होने से पहले चंडी माता की प्रतिमा पूरे गांव में भ्रमण करती है, इस दौरान ढोल-नगाड़ों और भक्तों के उत्साह के बीच श्रद्धालु माता के दर्शन करते हैं। इसके बाद चंडी माता की प्रतिमा का निर्माण कर चबूतरे पर विराजमान किया जाता है और तभी मेला का शुभारंभ होता है। स्थानीय ग्रामीण भागवत सिंह ने बताया कि यह परंपरा सैकड़ों वर्षों से चली आ रही है। मेले में लोग भाईचारे और सामूहिक मिलन का संदेश भी देते हैं। मिठाई खरीदकर एक-दूसरे को खिलाना, बच्चों और बुजुर्गों के साथ उत्सव में शामिल होना इस पर्व की खासियत है। स्थानीय लोगों का मानना है कि चंडी मैया के दर्शन करने और पूजा-अर्चना में शामिल होने से संपत्ति, स्वास्थ्य और परिवार में खुशहाली आती है। इसलिए मेला न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह ग्रामीण जीवन और सामाजिक मेलजोल का भी प्रतीक बन चुका है। बीजाडोंगरी के चंडी मेला ने वर्षों से अपनी परंपरा और धार्मिक आस्था के साथ-साथ स्थानीय सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## शान-ओ-शौकत से निकली ख्वाजा गरीब नवाज की संदली चादर



**बटियागढ़।** जुम्मे की नमाज के बाद हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मस्जिद से निकल गई ख्वाजा गरीब की नमाज जो शहरगस्त करते हुए दरगाह पर पहुंची जगह-जगह पर जुलूस का इस्तकबाल किया गया। जुलूस में हाजी वहीद मासाब, हाजी इमाम मासाब, इस्माइल खान बेलखेड़ी, आरिफ खान फुटेरा, राजा खान, इरफान खान, रमजान खान, सलमान खान, सोनी खान, बबलू खान, आरिफ खान, शाहरुख खान, जुनी खान, जानी खान, रोशन खान, मजीद खान, जनपद सदस्य अमजद खान, कांग्रेस पार्टी के नव नियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष सतीश पटेल, कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा ब्लॉक अध्यक्ष इस्माइल खान, इत्यादि लोग बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। पुलिस व्यवस्था सराहनीय रही।

शिक्षक प्रहलाद सिंह की सराहनीय पहल

## बच्चों को वितरित किए निःशुल्क गरम स्वेटर



**सिंग्रामपुर।** संकुल अंतर्गत ग्राम तिलगंवा स्थित प्राइमरी स्कूल में पदस्थ शिक्षक पहलाद सिंह ठाकुर ने मानवता और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए विद्यालय के छात्र-छात्राओं को अपनी ओर से निशुल्क गरम स्वेटर वितरित किए। उक्त विद्यालय में कुल 36 बच्चे अध्ययनरत हैं। कड़ाके की ठंड को देखते हुए शिक्षक पहलाद सिंह ठाकुर ने सभी 36 बच्चों को गरम स्वेटर प्रदान किए। स्वेटर वितरण कार्यक्रम ग्रामवासियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान अध्यापक शिव चक्रवर्ती ने बताया कि शिक्षक पहलाद सिंह ठाकुर द्वारा बच्चों के हित में किया गया यह कार्य अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि बच्चों की पढ़ाई के साथ-साथ उनके स्वास्थ्य और सुविधा का ध्यान रखना भी शिक्षक का कर्तव्य है, जिसे पहलाद सिंह ठाकुर ने बखूबी निभाया है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामवासियों ने भी शिक्षक की इस पहल की खुले दिल से प्रशंसा की। ग्रामवासियों ने कहा कि बच्चों के प्रति शिक्षक का स्नेह और जिम्मेदारी देखकर मन प्रसन्न हो गया। ऐसे शिक्षक समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत होते हैं। शिक्षक पहलाद सिंह ठाकुर की इस मानवीय पहल से बच्चों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली और ग्राम में सकारात्मक संदेश गया।

## राज्यमंत्री ने वॉश ऑन व्हील सेवा का किया शुभारंभ



**जबेरा।** शासन के निर्देश अनुसार स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना अंतर्गत खुले में सोच मुक्त की गुणवत्ता एवं निरंतरता को बनाए रखने के लिए घरेलू एवं संस्थागत शौचालय की सफाई हेतु वाश आन व्हील सेवा का शुभारंभ शुक्रवार को जबेरा जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत नोहटा में राजमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी द्वारा किया गया। इस दौरान राज्यमंत्री श्री लोधी द्वारा स्वच्छता साथियों को फूलमाला पहनाकर स्वच्छता किट प्रदान की गई। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दमोह फुलपगारे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जबेरा डॉ रामेश्वर पटेल सहित अधिकारी कर्मचारी एवं ग्रामीण जन मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दमोह प्रवीण फुलपगारे ने बताया कि वाश आन व्हील सेवा का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण परिवारों को उनके घर पर ही शौचालय की सफाई सेवा उपलब्ध कराना है। इसके साथ ही ग्राम पंचायत में निर्मित सामुदायिक एवं संस्थागत शौचालय की नियमित साफ सफाई हो सके इसके लिए डब्लू ओ डब्लू मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से ग्रामीण निवासी शौचालय की सफाई हेतु बुकिंग आसानी से कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि उक्त सेवाओं के लिए शासन के निर्देश अनुसार घरेलू शौचालय के लिए 50 रुपए एवं संस्थागत सामुदायिक शौचालय के लिए 200 रुपए सेवा शुल्क निर्धारित किया गया है जो की स्वच्छता साथी को प्रदान की जावेगी। वहीं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जबेरा डॉक्टर रामेश्वर पटेल ने बताया कि वाश आन व्हील सेवा अंतर्गत जनपद की समस्त ग्राम पंचायत में 06 सेक्टर बनाए गए हैं एवं वर्तमान में आज नोहटा सेक्टर अंतर्गत 10 ग्राम पंचायतों में उक्त सेवा का शुभारंभ माननीय मंत्री जी के द्वारा किया गया है और शीघ्र ही जनपद के अन्य सेक्टर में भी यह सेवा प्रारंभ की जावेगी। इस अवसर पर मनीष पटेल जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन दमोह, धर्मेंद्र रजक ब्लॉक समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण जनपद पंचायत जबेरा, लाल सिंह यादव, सरपंच प्रतिनिधि संदीप यादव, उप सरपंच मुन्नालाल राय, सचिव राजेश ढुबे, सहायक सचिव ताहिर खान, मनोज अग्रवाल, बबलू राजपूत, गणेश सोनी, गणेश विश्वकर्मा, स्वच्छता साथी हीरालाल वाल्मीकि, विजय वाल्मीकि, श्रीकांत वाल्मीकि सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जनों की उपस्थिति रही।

## अध्यक्ष सारिका खटीक ने किया वार्ड क्रमांक 13 में निर्माणाधीन सीसी सड़क का औचक निरीक्षण

अमानगंज

नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 13 में चल रहे सी.सी. सड़क निर्माण कार्य का आज नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सारिका खटिक ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्माण की गुणवत्ता, कार्य की प्रगति एवं मानकों का बारीकी से अवलोकन किया गया।

अध्यक्ष श्रीमती सारिका खटिक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण हो तथा गुणवत्ता में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। उन्होंने कहा कि नगर परिषद का उद्देश्य आमजन को सुगम, सुरक्षित और टिकाऊ बुनियादी सुविधाएँ उपलब्ध कराना है। इस सड़क के निर्माण से वार्डवासियों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी और क्षेत्र के विकास को नई गति प्राप्त होगी। निरीक्षण के दौरान सी.एम.ओ. महोदय सहित नगर परिषद के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। अध्यक्ष द्वारा किए गए इस औचक निरीक्षण से निर्माण एजेंसी में भी कार्य को लेकर सजगता देखने को मिली। नगर परिषद द्वारा लगातार विकास कार्यों की निगरानी कर जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। वार्डवासियों ने सड़क निर्माण कार्य का स्वागत करते हुए नगर परिषद अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया।

## हजरत ख्वाजा गरीब नवाज के उर्स पर नातेपाक व तकरीरी प्रोग्राम सम्पन्न



**हिण्डोरिया।** हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती गरीब नबाज र.अ. के 814 वां उर्स के मुक़द्दस मौके पर स्थानीय नूरी फरीदी खानकाह शरीफ मे पीरो मुर्शिद हाजी हजरत कमालुददीन खान साहब सल्लाह तआला (हाजी कमाल मियाँ) की जेरे सरपरस्ती में बृहस्पतिवार की मध्य रात्री तक यादगार नाते पाक व तकरीरी प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस मौके पर सरकारे मदीना हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैय बसल्लम व हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती गरीब नवाज की सीरते- पाक व सूरते-पाक पर मुफ्ती व कारी मौलाना ईदरीश खान साहब छतरपुर, हाफिज व कारी हाजी खलील रजा खान साहब दमोह, हाफिज शहंशाह रजा खान साहब दमोह, नूरी फरीदी मस्जिद के पेश ईमाम हाफिज इरफान रजा बरकाती खान साहब, जामा मस्जिद के पेश ईमाम मौलाना तनवीर अहमद मिस्बाही खान साहब व्दारा तफ्सील से रोशनी डाली गई । प्रोग्राम के अंत मे तमाम आलम, अपने वतन व अपनी बस्ती के इंसानों की तरक्की, कामयाबी, इकजेहती, खुशहाली व अमनों अमान की दुआ मांगी गई। इस मुबारिक मौके पर नगर सहित अनेक बाहरी स्थानों के ख्वाजा गरीब नवाज के दीवानों ने बडी.संख्या में शिरकत की।एवं प्रोग्राम को कामयाब बनाया।

## खबर संक्षेप

### सुशासन सप्ताह के दौरान प्रशासन गांव की ओर 22 दिसम्बर को

**दमोह।** जिले में सुशासन सप्ताह 19 से 25 दिसम्बर 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। अपर कलेक्टर विकास प्रवीण फुलपगारे ने बताया सुशासन सप्ताह के दौरान ₹प्रशासन गांव की ओर₹ अंतर्गत 22 दिसम्बर को अपरान्ह 3 बजे से शाम 6 बजे तक तथा ग्राम चौपाल शाम 6 बजे से रात्रि 9 बजे तक ग्राम नयागांव (ग्राम पंचायत अधरोटा) में सुशासन शिविर सह ग्राम चौपाल का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने समस्त कार्यालय प्रमुखों से कहा है शिविर में अपने विभाग अंतर्गत लोकहित में संचालित योजनाओं/सेवाओं को ग्रामीणों को अधिक से अधिक प्रदाय करने के लिये विभागीय स्टॉल लगाना सुनिश्चित किया जाये एवं विभागीय योजनाओं/सेवाओं का लाभ प्रदाय किया जाये।

### जिला चिकित्सालय पहुंचकर किया रक्तदान

**दमोह।** जिला चिकित्सालय दमोह पहुंचकर आयुष जैन (एबी पॉजिटिव) ने अपने मित्र पुष्पेन्द्र सींग लोधी की मां श्रीमती लक्ष्मीबाई लोधी को रक्तदान किया। पुष्पेन्द्र ने बताया कि उनकी मां का ब्लड 3.9 है वहीं आयुष ने सभी से जरूरतमंद लोगों को रक्तदान करने की अपील की है। इस मौके पर डॉ.अमित प्रकाश जैन, डॉ. प्रेमलता नीलम, अखिलेश रजक, सिकंदर खरारे, अभिजीत जैन, राजकुमार केवट सहित ब्लड बैंक स्टाफ की मौजूदगी रहीं।

### पंचायत उप-निर्वाचन 2025 के मद्देनज़र शस्त्र लाइसेंस निलंबित

**दमोह।** राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल के निर्देशों के तहत पंचायतों के उपनिर्वाचन वर्ष-2025 (उत्तरार्द्ध) हेतु निर्वाचन कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान जिले में कानून-व्यवस्था एवं लोक शांति बनाए रखने के उद्देश्य से जिला मजिस्ट्रेट एवं अनुज्ञापन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने आयुध अधिनियम-1959 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार ग्राम पंचायत सगौनी, पटेरिया, गाड़ाघाट, खमरिया, मझगुवां हंसराज, धनगुवां, मझौली, देवरीरतन, पटना, कुम्हारी, कुम्हारी, कुलुवा, सलैया, बमनी, हिनौती, बेलखेड़ी, बर्रट, इमलिया, जमुनिया, बिलगुवां, नयागांव, कोटा, मुआरी, रमगढ़ा, सिंगपुर, कुण्डलपुर, पड़री सहजपुर, कुंवरपुर, बिलाखुर्द, महुआखेड़ा, छेवलादुबे, देवरान एवं निबोराकलां ग्राम पंचायतों के समस्त शस्त्र लाइसेंसधारियों की शस्त्र अनुज्ञप्तियां निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने तक निलंबित रहेंगी।

### ईव्हीएम मशीनों का रेण्डमाईजेशन आज एवं कल

**दमोह।** पंचायत उप निर्वाचन 2025 (उत्तरार्द्ध) के लिये आयोग द्वारा निर्वाचन कार्यक्रम जारी किया गया है। जिला पंचायत दमोह सदस्य के रिक्त वार्ड क्रमांक 10 कुम्हारी के 77 मतदान केन्द्रों पर उपनिर्वाचन वर्ष 2025 (उत्तरार्द्ध) (**IPBMS**) इंटीग्रेट पोलिंग बूथ मैनेजमेंट सिस्टम (पेपर लेस)प्रक्रिया से निर्वाचन कराये जाने का निर्णय लिया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर मीना मसराम ने जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 10 कुम्हारी के जिला पंचायत सदस्यों से कहा है आज 20 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे से ईव्हीएम मशीनों का प्रथम रेण्डमाईजेशन एवं कल 21 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे से जिला कार्यालय के सभाकक्ष ईव्हीएम का द्वितीय रेण्डमाईजेशन किया जायेगा। उन्होंने सभी संबंधितों से निर्धारित तिथियों एवं समय पर उपस्थित होने का आग्रह किया है ताकि मतदान केन्द्रवार आबंटित ईव्हीएम मशीनों का रेण्डमाईजेशन की कार्यवाही संबंधित की उपस्थिति में सम्पन्न हो सके।

7 से 11 जनवरी तक होगा बुन्देलखण्ड फिल्म फेस्टिवल एवं फिल्म पर्यटन समागम

# फिल्म निर्माण से बुंदेलखंड में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे, मप्र बनेगा फिल्म हब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



मध्यप्रदेश शासन की फिल्म पर्यटन नीति-2025 के प्रभावी क्रियान्वयन तथा बुन्देलखण्ड क्षेत्र की कला, लोक संस्कृति, भाषा एवं सांस्कृतिक धरोहर को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मंच पर स्थापित करने की दिशा में "बुन्देलखण्ड फिल्म फेस्टिवल एवं फिल्म पर्यटन समागम" एक अत्यंत महत्वपूर्ण एवं दूरदर्शी पहल है। इस आशय के विचार प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने आज मीडियाजनों के समक्ष व्यक्त किये। इस अवसर पर राज्यमंत्री द्वय और अतिथियों ने "बुन्देलखण्ड फिल्म फेस्टिवल एवं फिल्म पर्यटन समागम" पोस्टर का विमोचन किया। कार्यक्रम में पशुपालन एवं डेयरी विभाग के राज्यमंत्री लखन पटैल, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटैल, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, पूर्व भाजपा अध्यक्ष नरेन्द्र व्यास, प्रोफेसर रश्मि जेता, सत्येन्द्र सिंह लोधी, एसडीएम आरएल बागरी, राजीव अयाची मंचासीन थे।

राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा यह आयोजन बुन्देलखण्ड कला संस्कृति मंच समिति छतरपुर एवं फिल्म पर्यटन संस्कृति विभाग मध्यप्रदेश द्वारा प्रस्तावित किया गया है, जिसका उद्देश्य फिल्म निर्माण, पर्यटन और स्थानीय सांस्कृतिक प्रतिभाओं के बीच सशक्त समन्वय स्थापित करना है। उन्होंने कहा दमोह एवं आसपास के बुन्देलखण्ड क्षेत्र में उपलब्ध ऐतिहासिक धरोहरों, प्राकृतिक सौंदर्य, धार्मिक स्थलों एवं ग्रामीण लोक संस्कृति को फिल्म निर्माण के लिए उपयुक्त स्थान के रूप में विकसित करना जिससे स्थानीय और बुंदेलखंड की प्रतिभाओं को समुचित स्थान प्राप्त हो यह इस आयोजन का लक्ष्य है।

राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा इस समागम के अंतर्गत बॉलीवुड के अनुभवी लाइन प्रोड्यूसर्स, फिल्म निर्माता, निर्देशक, ओटीटी प्लेटफॉर्म प्रतिनिधि एवं मीडिया पार्टनर्स की सहभागिता से बुन्देलखण्ड को फिल्म निर्माण केंद्र के रूप में विकसित करने की ठोस कार्ययोजना तैयार की जाएगी। स्थानीय बुन्देली भाषा की फिल्मों, शॉर्ट फिल्मों, वेब सीरीज, वृत्तचित्र, लोकसंगीत एवं डिजिटल कंटेंट से जुड़े कलाकारों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान एवं अवसर प्राप्त होंगे। फिल्म निर्माताओं को परमिशन प्रक्रिया, लॉजिस्टिक सपोर्ट, स्थानीय संसाधन एवं मानव संसाधन से अवगत कराते हुए दमोह को फिल्म-फ्रेंडली डेस्टिनेशन के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा।

राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा इस आयोजन से स्थानीय कलाकारों के लिए मंच एवं रोजगार के अवसर सृजित होगे बल्कि फिल्म एवं पर्यटन विभागों के बीच सहयोग को भी सुदृढ़ करेगा। उन्होंने कहा समापन अवसर पर भव्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ पुरस्कार वितरण, सम्मान समारोह एवं आगामी फिल्म परियोजनाओं पर विमर्श होगा। संभवतः कुछ बॉलीवुड के कलाकार शामिल होने की संभावना है। उन्होंने कहा मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग द्वारा इस आयोजन को स्थानीय जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित किया जायेगा, ताकि दमोह एवं बुंदेलखंड को फिल्म पर्यटन के नए केंद्र के रूप में विकसित कर राष्ट्रीय पहचान दिलाई जा सके।श राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह ने बताया 07 जनवरी 2026 से 09 जनवरी 2026 फिल्म शूटिंग हेतु दर्शनीय एवं सिनेमेटिक लोकेशनों का भ्रमण, 10 जनवरी 2026 प्रातः 10 से रात्रि 08 बजे सिनेमा संवाद, प्रतिभा परिचय, फिल्म निर्माण प्रदर्शनी, फिल्म स्क्रीनिंग एवं नेटवर्किंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, 11 जनवरी 2026 प्रातः 10 से रात्रि 09 बजे फिल्म निमार्ण प्रक्रिया पर आधारित सेशन, भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम, पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह आयोजित किया जायेगा। राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह ने कहा बुंदेलखंडी फिल्मों को बढ़ावा देने के लिए बुंदेलखंड फिल्म फेस्टिवल एवं समागम किया जा रहा है। इस समागम का मूल उद्देश्य यह है कि जैसे अन्य भाषाओं की फिल्में बनती हैं, भोजपुरी की फिल्में बनती हैं, इसी प्रकार से बुंदेलखंड की फिल्मों को प्रमोट करने के लिए बुंदेलखंड में भी वैसी ही फिल्में बनें, इन सब बातों को लेकर यह आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए बुंदेलखंड के जो प्रमुख स्थान हैं जहाँ पर फिल्मों की शूटिंग की जा सकती है, जो फिल्म प्रोड्यूसर और जो लाइन प्रोड्यूसर ये सारे लोग आएंगे, तो उनको इन स्थानों का भ्रमण भी कराया जाएगा। उन्होंने कहा अगर आपको फिल्म बनाना है तो इन स्थानों पर फिल्म बनाने के लिए उपयुक्त वातावरण है, तो इस दृष्टि से यह बुंदेलखंड फिल्म फेस्टिवल और फिल्म पर्यटन समागम हमने रखा है। प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल ने कहा दमोह जिले में बुंदेली परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए फ़ल्मिों (लघु फ़ल्मिों और बड़ी फ़ल्मिों) के निर्माण का निर्णय लिया गया है। उन्होने कहा आगामी आयोजन 9, 10 और 11 जनवरी को होने वाला है, जिसमें मुंबई से कई फ़ल्मि निर्देशक, निर्माता और फ़ल्मि स्टार शामिल होंगे। वे यहाँ की लोकेशन्स को देखेंगे और फ़ल्मि शूटिंग की संभावनाएँ तलाशेंगे। इस पहल से बुंदेली परंपरा के स्थानीय कलाकारों को अपनी कला प्रदर्शित करने और आगे बढ़ने का बड़ा अवसर मिलेगा। फ़ल्मि शूटिंग बढ़ने से क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और विकास के नए रास्ते खुलेंगे। इन आयोजनों और फ़ल्मि निर्माण से बुंदेलखंड में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। मध्य प्रदेश एक फ़ल्मि हब बनेगा। कार्यक्रम का संचालन राजीव अयाची और श्री नायक ने किया।

# तेंदूखेड़ा में डबल लॉक गोदाम के पास सड़क पर मिला वृद्ध का शव

### खकरिया निवासी के रुप में हुई पहचान, पुलिस कर रही मामले की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा



तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक वृद्ध का शव सड़क किनारे शव डबल लॉक गोदाम के पास मिलने से क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गई जैसे ही इस बात की सूचना पुलिस को मिली तो डायल 112 मौके पर पहुंची जहां पुलिस द्वारा शव को उठाकर स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों द्वारा मृतक घोषित कर दिया है मृतक की पहचान खकरिया नरगुवा निवासी 65 वर्षीय उत्तम सिंह पिता गनेश सिंह लोधी के रूप में हुई है। प्रारंभिक तौर पर तेज ठंड के कारण मौत की आशंका जताई जा रही है।

#### मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों ने दी सूचना

सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों ने सड़क पर शव पड़ा देखा, जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही तेंदूखेड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर तेंदूखेड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। शव की शिनाख्त होने के बाद पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दी। दोपहर में परिजन अस्पताल पहुंचे, इसके बाद शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया।

मृतक के नाती जगदीश सिंह लोधी ने बताया कि उनके नाना उत्तम सिंह लोधी रोजाना खकरिया गांव से तेंदूखेड़ा शहर घूमने के लिए आते थे और शाम तक घर लौट जाते थे लेकिन वो गुरुवार रात घर नहीं पहुंचे थे, जिसके बाद सुबह उनकी मौत की खबर मिली।

#### ठंड से अटैक आने की आशंका

डॉक्टरों के अनुसार, अत्यधिक ठंड के कारण वृद्ध को अटैक आने की संभावना है आशंका जताई जा रही है कि वे रात में सड़क पर गिर गए होंगे और पूरी रात ठंड में पड़े रहने से शव अकड़ गया। इस मामले को लेकर थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक महेश ठाकुर ने बताया शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया है पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का वास्तविक कारण स्पष्ट हो पाएगा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## राज्यमंत्री ने किया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण

**दमोह।** जिले की जबेरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत तारादेही में 306.80 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने लोकार्पण किया। इस अस्पताल का निर्माण 765 वर्ग मीटर में किया गया है, जिसमें महिला वार्ड, पुरुष वार्ड, लेबर रूम, बेबी कॉर्नर, स्टेरीलाइजेशन, स्टोर रूम, नर्स ड्यूटी रूम, मायनर ओटी, दवाई भंडार कक्ष, मेडिकल ऑफिसर रूम, फैमिली प्लानिंग रूम, लैब सामान्य भंडार कक्ष, कार्यालय वैलनेस का निर्माण किया गया है। राज्यमंत्री लोधी ने कहा बड़ी ही प्रसन्नता का विषय है कि इस बहुप्रतिक्षित मांग को पूर्ण करने का अवसर प्राप्त हुआ। इसके निर्माण से तारादेही से लगे लगभग 30 से अधिक ग्रामों को स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त होगी। उन्होंने कहा अब लोगों को इलाज हेतु दूर-दराज तेंदूखेड़ा या दमोह जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। समय के साथ पैसों की भी बचत होगी और समय पर उपचार मिल सकेगा। उन्होंने कहा जब मैं प्रथम बार विधायक बना तो मैंने देखा कि तारादेही जैसा बाहुल्य क्षेत्र पिछड़ा हुआ है। मैंने निश्चय किया और उस समय के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के समक्ष गया और उन्हें अस्पताल एवं झापन नाला पुछी तालाब से अवगत कराया।जिसे प्राथमिकता से लेते हुए मुख्यमंत्री जी ने कुछ ही दिनों में एक स्वास्थ केन्द्र की स्वीकृति प्रदान की। जिसका लोकार्पण किया गया। लगभग 7-8 वर्षों से प्रयासरत तालाब की भी अब स्वीकृति प्राप्त हुई जो 165 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होगा। लगभग 40 ग्रामों के किसानों को लाभ मिलेगा, जिससे वह तीन से चार फसलों की पैदावार कर आत्मनिर्भर बनेंगे। कार्यक्रम में भारत सिंह, विनीता कुलस्ते, मनोहर सिंह लोधी, मुकेश व्यास, मूरत सिंह लोधी, तेंदूखेड़ा नगरपरिषद अध्यक्ष सुरेश जैन, संतकुमार पाल सहित बड़ी संख्या में अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं क्षेत्र वासियों की उपस्थिति रही।



## टीम ने कम्बल वितरित किए



**दमोह।** कड़ाके की ठंड को देखते हुए मानव सेवा के उद्देश्य से राजस्व कर्मचारी कल्याण संघ के सदस्यों द्वारा द्वारा देर रात शहर में विशेष राहत अभियान चलाया गया। इस दौरान टीम के सदस्यों ने निराश्रित, बेसहारा एवं खुले आसमान के नीचे सड़क के बीच डिवाइडरों तथा फुटपाथों पर सो रहे जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित कर ठंड से राहत पहुंचाई।

## पेपरलेस मतदान केंद्र सामग्री वितरण के संबंध में समीक्षा बैठक सम्पन्न



दमोह। जिला निर्वाचन प्रक्रिया के अंतर्गत पंचायत उप-निर्वाचन 2025 के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर द्वारा कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में चुनाव संबंधी पेपरलेस मतदान केंद्र सामग्री वितरण के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्वाचन कार्यों की प्रगति, व्यवस्थाओं एवं सामग्री वितरण की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इस अवसर पर प्रेक्षक सेवानिवृत्त आई.ए.एस शैलेन्द्र कियावत एवं उप-जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर मीना मसराम विशेष रूप से मौजूद रही।

जिला जेल दमोह में विधिक साक्षरता शिविर संपन्न

# नि:शुल्क विधिक सहायता बंदियों का अधिकार : न्यायाधीश अनुराग सिंह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के तत्वाधान में एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष सुभाष सोलंकी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह के मार्गदर्शन में जिला जेल दमोह में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

उक्त शिविर में जिला न्यायाधीश अनुराग सिंह कुशवाह, जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, जेल अधीक्षक एम.एल. पटैल, आर. शरद मिश्रा, आर. हेमंत कुमार, तकनीकी सहायक पवन पटैल सहित निरूद्ध बंदीगण उपस्थित रहे। उक्त आयोजित शिविर में जिला न्यायाधीश अनुराग सिंह कुशवाह ने जेल में निरूद्ध बंदियों को शासन द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता अंतर्गत जिला मुख्यालय में लीगल एड डिफेंस काउंसिल की नियुक्ति की गई है जिससे बंदियों को सक्षम निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध करायी जा सके। आपने बताया कि निःशुल्क विधिक सहायता बंदियों का अधिकार है जो तहसील न्यायालय से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक उपलब्ध करायी जाती है यदि बंदी को दंडित किया जाता है तो उस निश्चिति समयावधि में वरिष्ठ न्यायालय में अपील करने का अधिकार है, साथ ही आपने बंदियों से खान-पान एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली। जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया द्वारा उपस्थित बंदियों को संबोधित करते हुये कहा कि ऐसे बंदी जो जमानत आदेश होने के बाद भी जमानत प्रस्तुत करने में अक्षम हैं, ऐसे बंदियों को 'गरीब बंदियो की सहायता योजना' के अंतर्गत सहायता उपलब्ध करायी जाती है। जेल में सप्ताह में 3 दिवस जेल विजिटिंग लॉयर भी लीगल एड क्लीनिक में उपस्थित होते हैं आप अपने प्रकरण की अद्यतन जानकारी उनसे भी प्राप्त कर सकते है। कार्यक्रम के अंत में बंदियों से पूछे गये प्रश्नो का समाधान सुझाया गया। कार्यक्रम का आभार प्रभारी जेल अधीक्षक एम.एल. पटैल द्वारा किया गया।

## प्रबल विद्यार्थियों की उपस्थिति बढ़ाने पर दें जोरः डॉ. आशुतोष गोस्वामी



### पीएम श्री महाविद्यालय दमोह में आयोजित हुई प्राचार्य समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

संयुक्त संचालक सागर से सहायक संचालक डॉ. आशुतोष गोस्वामी ने शासकीय पीएम श्री पीजी कॉलेज दमोह के ऑडिटोरियम में प्राचार्य को संबोधित करते हुए कहा कि मुझे आशा है कि इस वर्ष दमोह जिले का परीक्षा परिणाम विगत वर्ष की तुलना में बेहतर होगा। प्राचार्य द्वारा प्रस्तुत कार्य योजना एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारियों द्वारा अपने विकासखंड स्तर पर जो रणनीति तैयार की गई है उससे मुझे प्रतीत हो रहा है कि निश्चित ही इस वर्ष परीक्षा परिणाम में सुधार होगा। उन्होंने परीक्षा परिणाम सुधार हेतु डी एवं ई ग्रेड के विद्यार्थियों की उपस्थिति बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने सभी प्राचार्य से कहा निदानात्मक कक्षा हेतु जो निर्देश लोक शिक्षण स्तर से प्राप्त हुए हैं उनका बारीकी से अध्ययन करें तथा निदानात्मक कक्षाओं के दौरान ए एवं बी ग्रेड के विद्यार्थियों को अध्यापन हेतु साथ में बिल्कुल सम्मिलित न करें अन्यथा कमजोर विद्यार्थियों का स्तर सुधारने में कोई प्रगति नहीं होगी।

जिला शिक्षा अधिकारी एस के नेमा ने कहा अभी यह पाया जा रहा है कि कुछ विद्यालयों में कमजोर विद्यार्थियों के साथ ए एवं बी ग्रेड के विद्यार्थी भी साथ में बैठ रहे हैं, ऐसी स्थिति में शिक्षक का ध्यान कमजोर विद्यार्थियों पर नहीं जाएगा जिससे वह कमजोर के कमजोर बने रहेंगे। उन्होंने कहा निदानात्मक कक्षाएं निर्धारित समय पर लगाई जाए, विद्यार्थियों की उपस्थिति शत-प्रतिशत हो तथा इन कक्षाओं में ए एवं बी ग्रेड के विद्यार्थी न बैठे। समीक्षा बैठक में समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं जिले के समस्त प्राचार्य की उपस्थिति रही।

## प्रेक्षक ने किया विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण



**दमोह।** पंचायत उप-निर्वाचन प्रेक्षक सेवानिवृत्त आई.ए.एस शैलेन्द्र कियावत द्वारा जिला पंचायत सदस्य निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 10 के सामग्री वितरण केंद्र का निरीक्षण किया गया। साथ ही औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) पटेरा स्थित स्ट्रांग रूम का भी निरीक्षण कर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। प्रेक्षक श्री कियावत द्वारा मतदान केंद्र क्रमांक 61, 62 एवं 63, कुंडलपुर का आकस्मिक निरीक्षण भी किया गया। निरीक्षण के दौरान मतदान केंद्रों पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं, मतदान सामग्री, सुरक्षा व्यवस्था एवं कर्मचारियों की तैयारियों का अवलोकन किया गया। प्रेक्षक श्री कियावत ने निर्वाचन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने हेतु आवश्यक निर्देश दिए।


**इस्तहार**

एतत द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री रामेश्वर ताम्रकार पिता कन्हैया लाल वार्ड क्रमांक 05 ग्राम पटेरा का निवासी है। आवेदक द्वारा भूमि क्रमांक/भवन क्र 28 का हस्तांतरण स्वीकृति हेतु दस्तावेज किये गये है। जो म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत प्रस्तुत किया गया है। भूमि क्रमांक / भवन क्र 28 वार्ड क्रमांक 05 श्रीमति सियारानी पति कालूराम रैकवार का नाम दर्ज चला आ रहा है। उक्त भवन प्लाट के हस्तातरण में यदि किसी को कोई आपत्ति है तो वह आपने स्वामित्व संबंधी अभिलेख के साथ इस्तहार म्याद के पूर्व जमा कर सकते है। म्याद उपरांत प्राप्त आपत्तियों पर सुनवाई नहीं की जावेगी दिनाक 19/12/25 को 15 दिवसीय इस्तहार मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद पटेरा, जिला दमोह**

**इस्तहार**

एतत द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमति /श्री शोभा, प्रशांत पिता/पति प्रमोद जैन, वार्ड क्रमांक 04 ग्राम पटेरा का निवासी है। आवेदक द्वारा भूमि क्रमांक/भवन क्र 39 का हस्तांतरण स्वीकृति हेतु दस्तावेज किये गये है। जो म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत प्रस्तुत किया गया है। भूमि क्रमांक / भवन क्र 39 वार्ड क्रमांक 04 श्री प्रमोद जैन पिता धरमचंद जैन का नाम दर्ज चला आ रहा है। उक्त भवन प्लाट के हस्तातरण में यदि किसी को कोई आपत्ति है तो वह आपने स्वामित्व संबंधी अभिलेख के साथ इस्तहार म्याद के पूर्व जमा कर सकते है। म्याद उपरांत प्राप्त आपत्तियों पर सुनवाई नहीं की जावेगी दिनाक 19/12/25 को 15 दिवसीय इस्तहार मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद पटेरा, जिला दमोह**

**इस्तहार**

एतत द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री मनोज जैन पिता श्री मोतीलाल जैन, वार्ड क्रमांक 01 ग्राम पटेरा का निवासी है। आवेदक द्वारा भूमि क्रमांक/भवन क्र 973/14 का हस्तांतरण स्वीकृति हेतु दस्तावेज किये गये है। जो म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत प्रस्तुत किया गया है। भूमि क्रमांक / भवन क्र 973/14 वार्ड क्रमांक 03 श्री दयाशंकर चौबे पिता किशोरी लाल चौबे का नाम दर्ज चला आ रहा है। उक्त भवन प्लाट के हस्तातरण में यदि किसी को कोई आपत्ति है तो वह आपने स्वामित्व संबंधी अभिलेख के साथ इस्तहार म्याद के पूर्व जमा कर सकते है। म्याद उपरांत प्राप्त आपत्तियों पर सुनवाई नहीं की जावेगी दिनाक 19/12/25 को 15 दिवसीय इस्तहार मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद पटेरा, जिला दमोह**

**इस्तहार**

एतत द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमति /श्री शोभा, प्रशांत पिता/पति प्रमोद जैन, वार्ड क्रमांक 04 ग्राम पटेरा का निवासी है। आवेदक द्वारा भूमि क्रमांक/भवन क्र 28 का हस्तांतरण स्वीकृति हेतु दस्तावेज किये गये है। जो म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत प्रस्तुत किया गया है। भूमि क्रमांक / भवन क्र 28 वार्ड क्रमांक 04 श्री प्रमोद जैन पिता धरमचंद जैन का नाम दर्ज चला आ रहा है। उक्त भवन प्लाट के हस्तातरण में यदि किसी को कोई आपत्ति है तो वह आपने स्वामित्व संबंधी अभिलेख के साथ इस्तहार म्याद के पूर्व जमा कर सकते है। म्याद उपरांत प्राप्त आपत्तियों पर सुनवाई नहीं की जावेगी दिनाक 19/12/25 को 15 दिवसीय इस्तहार मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद पटेरा, जिला दमोह**

**इस्तहार**

एतत द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमति किरण सेन पति गोविन्द सेन, वार्ड क्रमांक 04 ग्राम पटेरा का निवासी है। आवेदक द्वारा भूमि क्रमांक/भवन क्र 121 का हस्तांतरण स्वीकृति हेतु दस्तावेज किये गये है। जो म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत प्रस्तुत किया गया है। भूमि क्रमांक / भवन क्र 121 वार्ड क्रमांक 11 श्रीमति मीराबाई पति काशीराम पटेल का नाम दर्ज चला आ रहा है। उक्त भवन प्लाट के हस्तातरण में यदि किसी को कोई आपत्ति है तो वह आपने स्वामित्व संबंधी अभिलेख के साथ इस्तहार म्याद के पूर्व जमा कर सकते है। म्याद उपरांत प्राप्त आपत्तियों पर सुनवाई नहीं की जावेगी दिनाक 19/12/25 को 15 दिवसीय इस्तहार मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद पटेरा, जिला दमोह**